राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302004

Phone No. 0141-2710978 / 2710897

"अत्यावश्यक एवं सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान हेतु"

क्रमांक : लेखा एवं वित / 2023 / 3351-64 दिनांक : 23/3/24

निदेशक, विद्यार्थी परामर्श केन्द्र,
कन्वीनर, आई.क्यू.एसी,
परीक्षा नियंत्रक,
उपकुलसचिव, शैक्षणिक प्रथम / द्वितीय / शोध / पी.पी / संस्थापन –I,
प्रभारी अधिकारी, एस.सी / एस.टी सैल,
सहायक कुलसचिव, संस्थापन –द्वितीय / लेखा एवं वित्त,
राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

विषय : राजस्थान में उच्च शिक्षा के परिणामों की निष्पादन लेखा परीक्षा पर भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का प्रतिवेदन (वर्ष 2021 की रिपोर्ट संख्या 1) पर जन लेखा समिति वर्ष 2022–23 की परीक्षात्मक बैठक दिनांक 20.12.2022 एवं 05.01.2023 में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दिये गये आश्वासनों एवं क्रियान्वयन हेतु आगामी ठोस प्रयासों का मय प्रमाणन दस्तावेजों के उपलब्ध करवाने हेतु।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र के क्रम में जन लेखा समिति वर्ष 2022–23 की परीक्षणात्मक बैठक दिनांक 20.12.2022 एवं 05.01.2023 की कार्यवाही का शब्दशः विवरण (155 वां प्रतिवेदन) प्राप्त हुआ है। आपके सम्बन्धित आक्षेपों / बिन्दुओं का आप द्वारा पूर्व में प्रस्तुत प्रत्युत्तर जन लेखा समिति ने संतोषप्रद नहीं माना है तथा खेद प्रकट किया है। इस क्रम में जन लेखा समिति द्वारा प्रदत्त निर्देश तथा विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दिये गये आश्वासनों अनुसार ठोस पालना रिपोर्ट भिजवाया जाना अपेक्षित है। इसी के सम्बन्ध में बकाया आक्षेपों पर विचार विमर्श करने हेतु कुलसचिव महोदय के कक्ष में दिनांक 26.03.2024 को अपरान्हः 2.30 बजे एक बैठक आयोजित की गई है। अतः प्रकरण की गम्भीरता को ध्यान में रखते हुए निर्धारित प्रपत्र में नवीन अनुपालना (यदि कोई हो) के साथ बैठक में उपस्थित होने का श्रम करें।

"कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।"

भवदीय,

(रामसुख जाटोलिया)
वित नियंयक एवं वित्तीय सलाहकार

क्रमांक : लेखा एवं वित / 2023 / 3351-64 दिनांक : 23/3/24

प्रतिलिपि :–

1. कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
2. निजी सचिव, कुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
3. इन्फोनेट सैन्टर

(अरविन्द कुमार शर्मा)
उप–कुलसचिव
लेखा एवं वित

F:\Prem Computer Data\Word Files\Letter(H).doc